हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 18 मार्च 2025, समय 1810 (10 मिनट)

- हरियाणा विधानसभा में आज 2008-2009 में हुई पुलिस इंस्पेक्टर की भर्ती को लेकर भारी हंगामा हुआ।

  मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा की प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 70 हजार लाभार्थियों के खातों में 150 करोड़ रुपए करोड़ भेजे जाएंगे।

  मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार से फसल अवशेष प्रबंधन में काम आने वाले 10 उपकरणों पर जीएसटी में छूट की मांग की।

  हरियाणा स्वास्थ्य विभाग द्वारा पंचकूला के नागरिक अस्पताल में पहला स्पोर्ट्स इंजरी क्लीनिक खोला गया।

  हरियाणा विधानसभा में आज पंचकूला महानगर विकास प्राधिकरण संशोधन विधेयक सहित दो विधेयक पारित किए गए।

******

हरियाणा में पूर्व हुड्डा सरकार के समय 2008-2009 में हुई पुलिस इंस्पेक्टर की भर्ती को लेकर आज विधानसभा में हंगामा हुआ।

भारतीय जनता पार्टी ने नौकरियों में भाई-भतीजावाद और पर्ची-खर्ची का आरोप लगाते हुए प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस को घेरा। पूर्व मंत्री व नारनौल से बी जे पी विधायक ओमप्रकाश यादव ने शून्यकाल में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा इस भर्ती पर दिए गए फैसले और की गई टिप्पणी को सदन में उठाया।

इस मुद्दे पर दोनों पक्षों के बीच काफी देर तक नौक झौंक हुई। इस दौरान पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रघुबीर सिंह कादियान की विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण के साथ भी तीखी बहस हुई।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सदन में कांग्रेस सरकार में नौकरियों की बंदरबांट होने के आरोप लगाए -

जिस समय यह पूरा विवाद हुआ उस समय पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा सदन में मौजूद नहीं थे।

***********

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज सदन में कहा कि हर गरीब परिवार के सिर पर छत हो, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का यह सपना अवश्य पूरा किया जाएगा।

उन्होंने कहा की जल्दी ही 70 हजार लाभार्थियों के खातों में लगभग 150 करोड़ रुपए भेजे जाएंगे।

***********

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किसान हित में केंद्र सरकार से फसल अवशेष प्रबंधन में काम आने वाले 10 कृषि उपकरणों पर वस्तु सेवा कर, जीएसटी

में छूट की मांग की है। उन्होंने इस संबंध में केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारामन तथा केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखा है।मुख्यमंत्री ने लिखा है कि हरियाणा के किसान देश के अन्न भंडार में महत्वपूर्ण योगदान देने के साथ साथ, नवीनतम कृषि उपकरणों का उपयोग कर फसल अवशेष प्रबंधन में भी सहयोग कर रहे हैं। फसल अवशेष प्रबंधन के लिए मशीनों पर दिए जाने वाले अनुदान से वर्ष 2024 में वर्ष 2023 की तुलना में पराली जलाने की घटनाओं में 39% की कमी आई है। समस्या के निदान हेतु राज्य सरकार ने वर्ष 2025 में फसल अवशेष प्रबंधन मशीनों की खरीद पर लगभग 200 करोड़ रुपये का अनुदान दिए जाने का प्रावधान किया है। इन मशीनों की खरीद पर कुल 500 करोड़ रूपये का खर्च आने का अनुमान है, जिसमें 12% की दर से किसानों पर जीएसटी के रूप में लगभग 60 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा।मुख्यमंत्री ने कहा है कि अगर केंद्र सरकार यह छूट देती है तो किसानों को इन तकनीकों और मशीनों के अधिक उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया जा सकेगा और फसल अवशेषों के जलने से होने वाले वायु प्रदूषण पर रोकथाम लग सकेगी।

***********

प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं।

हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं।

यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल Akashvani News Chandigarh पर भी उपलब्ध हैं।

***********

हरियाणा स्वास्थ्य विभाग द्वारा आज पंचकूला नागरिक अस्पताल में प्रदेश का पहला स्पोर्ट्स इंजरी 9 (Sports Injury )क्लीनिक खोला गया। हरियाणा स्वास्थ्य सेवाएं के महानिदेशक डॉ कुलदीप सिंह ने बताया कि हरियाणा स्वास्थ्य विभाग व

पी जी आई एम आई आर चंडीगढ़ के बीच हुए एक समझौते के तहत इसकी शुरुआत की गई है।उन्होंने बताया कि सरकारी क्षेत्र में यह अपने तरह की एक नई पहल है।डॉ कुलदीप ने बताया कि प्रत्येक मंगलवार को स्पोर्ट्स इंजरी क्लिनिक पर चोटिल खिलाड़ियो की जांच की जाएगी।

सिविल सर्जन डॉ मुक्ता कुमार नी बताया कि अस्पताल में स्पोर्ट्स इंजरी की रोजाना लगभग 10 से 15 मरीज आते है।पीजीआई के डॉक्टर हिमांशु जो स्पोर्ट्स इंजरी क्लिनिक को चलाएंगे ने बताया कि हरियणा में खिलाड़ियों को चोट से उभारने के लिए इस प्रकार की क्लीनिक की बहुत आवश्यकता थी।

उन्होंने बताया -

***********

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा कल बतौर वित्त मंत्री प्रस्तुत किए गए बजट पर कुल मिला कर सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। हालांकि रणदीप सिंह सुरजेवाला सहित विपक्षी दलों के नेताओं ने बजट की आलोचना की है।कैथल के एक कॉलेज में राजनीति विज्ञान के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ अशोक कुमार अत्रे ने कहा की बजट को हर वर्ग को ध्यान में रखकर बनाया गया है। उन्होंने कहा -

उन्होंने कहा की कुल मिला बजट में कारगर कदम उठाने वाले प्रस्ताव किए गए हैं।हरियाणा शिक्षा विभाग से बतौर हेडमास्टर सेवामुक्त हुए हंसराज गोयल ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा ।

उन्होंने कहा कि इस बजट में किसानों सहित सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है।कुरुक्षेत्र के एक नागरिक राज कुमार ने

कहा -

*******

हरियाणा विधानसभा में आज दो विधेयक पारित किए गए। इनमें पंचकूला महानगर विकास प्राधिकरण (संशोधन) विधेयक, 2025 तथा हरियाणा ग्राम शामलात भूमि (विनियमन) संशोधन विधेयक, 2025 शामिल हैं।पंचकूला महानगर विकास प्राधिकरण (संशोधन) विधेयक, 2025 पंचकूला महानगर विकास प्राधिकरण अधिनियम, 2021 को संशोधित करने के लिए पारित किया गया।हरियाणा ग्राम शामलात भूमि (विनियमन) संशोधन विधेयक में 31 मार्च, 2004 को या उससे पहले शामलात देह में स्थित भूमि पर अनाधिकृत रूप से निर्मित मकानों के नियमितीकरण के लिए ग्राम पंचायतों को अनुमोदन प्रदान करने के लिए पंचायत निदेशक को शक्ति देने का प्रस्ताव है।